Setting up of Mini-Hydel Projects in Darjeeling Hills

3193. SHRI RATNA BAHADUR RA.1: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that West Bengal Government had submitted some) proposals for mini-hydel projects to be set up in Darjeeling Hills;

(b) if so, whether these, proposals have been considered and steps taken for the execution thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) to (c) Yes, Sir. A proposal was received for a 500 KW minl-hydel project at Rongmook. Cedars in the Darjeeling Hills of the State. It has recently been cleared, in principle, und?r the subsidy scheme of the Ministry. Further details are awaited from the State Govt, before it's formal approval.

मध्य प्रदेश में लघु/सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता

3194. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश विद्युत बोर्ड को योजना आयोग द्वारा 1993-94 में विभिन्न और सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या उपलब्ध कराई गई धन-राशि पर्याप्त है; और

(ग) यदि नहीं, तो पर्याप्त धन-राशि की व्यवस्था न करने के क्या कारण है ?

गैर-पारंपरागत ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) से (ग) चालू वित्तीय वर्ष के लिए योजना आयोग ने मध्य प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की चल रही छः लघु जल विद्युत परियोजनाओं के लिए 340.00 लाख रुपये का आवंटन किया है। आवंटन क। पर्याप्तता चालू परियोजनाओं की प्रगति और नई परियोजनाओं की जरूरतों पर निर्भर करेगी।

लघु/सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं को वित्तीय सहायता

3195. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लघु/सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वियन के लिए वित्तीय संस्थाओं से कोई ऋण या वित्तीय सहायता प्राप्त की गयी है; यदि हां तो इस उद्देश्य के लिए कुल कितनी धनराशि प्राप्त की गयी है; और

(ख) उक्त ऋण या वित्तीय सहायता में से मध्य प्रदेश को कितनी धनराशि दी गयी है या दिये जाने का प्रस्ताव है ?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) सिंचाई बांध तलहटी एवं नहर प्रपात आधारित 15 मेवा. स्टेशन क्षमता की लघु जल विद्युत परियोजनाए स्थापित करने के लिए भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडः) को 70 मिलियन अमरीकी डालर का विश्व बैंक ऋण उपलब्ध हुआ है। समग्र दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों में निजी उद्यमियों और सरकारी क्षेत्र के संगठनों को, गुण-दोष के आधार पर, ऋण उपलब्ध है। राज्य विद्युत बोर्ड और राज्य सरकार के विभाग ऋण के लिए पात्र नहीं हैं और राज्यवार आवंटन नहीं किए गए हैं।